UTTARAKHAND PUBLIC SERVICE COMMISSION

उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग

आयोग भवन, हरिद्वार–249404

दूरभाषः 01334–244282, फैक्सः 244282

वैबसाइटः**www.psc.uk.gov.in**

पत्रांक :: 79/46/उ.कु.प्रसा./स0रा0अभि0 सेवा परीक्षा–2021/गोपन–3/2023–24 दिनांक : 01.09.2023

विज्ञप्ति

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांकः 13 अगस्त, 2023 से 18 अगस्त, 2023 तक आयोजित **उत्तराखण्ड सम्मिलित राज्य अभियन्त्रण सेवा (मुख्य) परीक्षा–2021** के अन्तर्गत **कुल 11 प्रश्नपत्रों : सामान्य हिन्दी, सामान्य अंग्रेजी, सामान्य अध्ययन, सिविल इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र), मैकेनिकल इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र) इलैक्ट्रीकल इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र) तथा एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग (प्रथम प्रश्न–पत्र एवं द्वितीय प्रश्न–पत्र) के** (वस्तुनिष्ठ प्रकार) की चारों सीरीज (A, B, C & D) की उत्तरकुंजी को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग की वेबसाइट **www.psc.uk.gov.in** पर अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रसारित कर दिया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को चारों सीरीज के किसी प्रश्न एवं उत्तर विकल्प पर कोई आपत्ति है तो वह आयोग की वेबसाईट पर **Online Answer Key Objection** हेतु दिये गये लिंक पर जाकर अपनी आपत्तियों को आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार **दिनांक :: 02 सितम्बर, 2023 से 08 सितम्बर, 2023 (समय रात्रि के 23:59:59 बजे तक)** तक दर्ज करा सकते हैं। अभ्यर्थी द्वारा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान करना होगा।

आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक **Online Answer Key Objection** के अतिरिक्त ई–मेल, डाक अथवा अन्य किसी माध्यम से प्रेषित आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। उक्त के अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा अन्तिम तिथि के उपरान्त प्रेषित आपत्तियों तथा प्रति–प्रश्न आपत्ति के सापेक्ष निर्धारित शुल्क रू0 50.00 का भुगतान नहीं किये जाने की दशा में प्रस्तुत आपत्तियों पर भी कोई विचार नहीं किया जाएगा। उत्तर कुंजी के सापेक्ष आपत्ति दर्ज किये जाने से पूर्व आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध दिशा–निर्देश सम्बन्धी विस्तृत **पत्रांक :: 78/46/उ.कु.प्रसा./स0रा0अभि0 सेवा परीक्षा–2021/गोपन–3/2023–24 दिनांक : 01.09.2023** का अध्ययन अवश्य कर लें।

-SD-

(गिरधारी सिंह रावत)

सचिव।